**Need for a Special Infrastructure Package for Mumbai-Laid**

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** मैं सरकार से भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के विशेष इन्फ्रास्ट्रक्चर पैकेज की मांग करता हूं । मुंबई, जो देश की वित्तीय और औद्योगिक गतिविधियों का केंद्र है,अब अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे की सीमाओं से जूझ रहा है ।बढ़ती आबादी, शहरीकरण और भारी यातायात के चलते शहर को यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं,और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ।यह पैकेज कंक्रीट सड़कों (CC Roads) के निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण,गर्गाई-पिंजल और दमनगंगा पिंजल जल परियोजना, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी,कैंसर केयर अस्पताल,और वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के विकास में उपयोग किया जाएगा ।गर्गाई-पिंजल परियोजना मुंबई को पानी की कमी से उबारने में मदद करेगी, जबकि मेट्रो और मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी परियोजनाएं यातायात की समस्या को कम करेंगी ।कैंसर केयर अस्पताल नागरिकों को गंभीर बीमारियों के लिए सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा ।साथ ही, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट से कचरा प्रबंधन बेहतर होगा और ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा ।मुंबई देश का आर्थिक इंजन है ।इसे सशक्त करना केवल एक शहर को नहीं,बल्कि पूरे भारत की आर्थिक प्रगति को गति देना है ।मुंबई की समस्याओं का समाधान राष्ट्रीय हित का मुद्दा है, जिसे सरकार को प्राथमिकता देनी चाहिए ।